कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/मा/संस्था/सी–3/भौगकृ/भौतिक/गणित/स्थानांतरण/2020–21 दिनांक– 02.02.2021 के तहत् श्री रामनिवास सैनी, व्याख्याता (भौतिक विज्ञान) राउमावि साहवा (चूरू) का स्थानांतरण राउमावि सुरपुरा खुर्द (जोधपुर) किया गया। श्री रामनिवास सैनी ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में **याचिका संख्या 4021/2021 श्री रामनिवास सैनी बनाम निदेशक, माध्य. शिक्षा, राजस्थान बीकानेर एवं अन्य दायर** की गई।

उक्त याचिका में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर ने अपने निर्णय दिनांक 04.03.2021 में अपीलार्थी श्री रामनिवास सैनी को अपने सक्षम अधिकारी के सक्षम एक अभ्यावेदन प्रस्तुत करने एवं प्रस्तुत अभ्यावेदन को राज्य सरकार व विभाग के दिशा निर्देशो/परिपत्रों/नियमों के परिपेक्ष्य में एक आख्यात्मक आदेश प्रसारित कर निस्तारित करने और ऐसे निस्तारण की सम्यक् सूचना अपीलार्थी को देने के निर्देश प्रदान किये है।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी श्री रामनिवास सैनी ने अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वयं के बीमार रहेन, माताजी गंभीर बीमारी से ग्रसित होने एवं पारिवारिक परिस्थितियों के विकट होने के आधार पर अपना पदस्थापन 1. राउमावि सात्यूं (चूरू) 2. राउमावि कोहिणा (चूरू) 3. राउमावि बुचावास (चूरू) 4. राउमावि भालेरी (चूरू) में व्याख्याता भौतिक विज्ञान के रिक्त पद पर किये जाने की परिवेदना प्रस्तुत की गई।

माननीय अधिकरण के निर्णय की पालना में एवं राज्य सरकार और विभाग के दिशा निर्देशों/परिपत्रों और नियमों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण कर उनकी मांग पर विचार किया गया। अपीलार्थी श्री रामनिवास सैनी की विकट परिस्थितियों को देखते हुए इनका समायोजन राउमावि सात्यूं (चूरू) (नव सृजित पद पर) में व्याख्याता भौतिक विज्ञान के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारित किया जाता है।

सभी संबंधित पक्षकार सूचित हो।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/सी–3/भौगकृ/अभ्यावेदन/एस.बी.सी.सं. 4021/2021 दिनांकः 10/03/2021

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय)
4. संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा,
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जोधपुर।
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्रधानाचार्य
9. कार्मिक श्री रामनिवास सैनी, व्याख्याता (भौतिक विज्ञान)।
10. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

D:/17.12.16/desktop/court